सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-570

25/12/2018

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर उन्हें नमन किया गया

पटना, 25 दिसम्बर 2018 :– भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी की 94वीं जयंती आज पूरे राज्य में मनायी गयी तथा उनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

पटना में राजकीय जयंती समारोह का आयोजन श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल परिसर में किया गया। राज्यपाल श्री लालजी टंडन, मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री विनोद नारायण झा, विधायक श्री अरूण कुमार सिन्हा, विधायक श्री संजीव चौरसिया, विधायक श्री नितिन नवीन, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गॉधी जी, राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा आरती–पूजन एवं देश भक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

पत्रकारों से बात करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी की देश की राजनीति में जो भूमिका है और जिस तरह से उन्होंने सौहार्द का वातावरण बनाये रखा इसके लिये हमेशा उन्हें याद किया जायेगा। देश के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश को जिस तरह से उन्होंने चलाने की कोशिश की और एकजुट रखा इसके लिये भी उन्हें हमेशा याद किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अटल जी के प्रति मेरी व्यक्तिगत श्रद्धा है। उनके नेतृत्व में केन्द्र में रेल मंत्रालय, कृषि मंत्रालय एवं भूतल परिवहन मंत्रालय में मंत्री के रूप में मुझे काम करने का अवसर मिला। उनका आशीर्वाद हमेशा मुझे मिलता रहा, जिसे मैं भूला नहीं सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी का गठबंधन में व्यवहार सकारात्मक रहता था और वह अविस्मरणीय है। विपक्षियों के प्रति भी उनका व्यवहार देखने लायक रहता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब उनकी मृत्यु हुई तो पूरे देश ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि विगत कुछ वर्षों में किसी राजनेता को इतना सम्मान नहीं मिला। समाज के हर तबके में उनके प्रति श्रद्धा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से हर वर्ष उनकी स्मृति में राजकीय सम्मान मनाने का निर्णय किया गया है। स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा पटना में स्थापित की जायेगी जिसके लिये उपयुक्त स्थल का चयन जल्द ही किया जायेगा।

******